दिनांक: 25.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

जयपुर—अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे चरण में निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा—राज्य सरकार, प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।
- राज्य विधानसभा में गतिरोध बरकरार—विधानसभा अध्यक्ष ने सुचारू कार्यवाही के लिए प्रयास बढाये।
- महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश भर में धार्मिक उल्लास का माहौल— कल शिवालयों में विशेष आयोजन होंगे ।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे चरण में निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र का उद्घाटन करेंगे। दो दिन के शिखर सम्मेलन में एक उद्घाटन सत्र, सात मंत्रिस्तरीय सत्र और 14 विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें 240 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।श्री मोदी ने कहा कि आम लोगों, अर्थशास्त्रियों, संस्थाओं और कई देशों को भारत से आशाऐं हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक से लेकर दुनिया की सभी बड़ी संस्थाएं भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बता रही हैं।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार, प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री कल जयपुर में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।
श्री शर्मा ने कहा कि आमजन को सुरक्षा और शीघ्र न्याय के लिए राज्य सरकार ने कई नीतिगत निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गृह विभाग में खाली पदों को जल्द भरने तथा पदोन्नति करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गृह विभाग आगामी वर्षों में रिक्त होने वाले पदों का भी पूरा विवरण तैयार करे जिससे कार्मिक के सेवानिवृत्त होते ही तुरंत भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सके। मुख्यमंत्री ने आपराधिक गतिविधियों से संपत्तियां अर्जित करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने को कह दिये। बैठक में गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और अन्य प्रशासनिक तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कल बीकानेर स्थित अभिलेखागार के संग्रहालय का अवलोकन किया और वहां मौजूद ऐतिहासिक दस्तावेजों का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने संग्रहालय में शिवाजी महाराज महाराणा प्रताप और राजपूताना के संबंधों के संरक्षित दस्तावेजीकरण को महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने संग्रहालय के संरक्षण कार्य की सराहना की।

....................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कर विचार साझा किए। शहर में शक्ति संगम कार्यक्रम में श्री बिरला ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति से सीधा संवाद स्थापित करना होगा, जिससे उनकी जरूरतों और क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता से समझा जा सके। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं को हमेशा सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में रहना चाहिए और सोच तथा कार्यशैली का दायरा विस्तृत रखना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को गाँव–गाँव, ढाणी–ढाणी तक पहुँचाने का कार्य करें, जिससे हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभान्वित हो सके।

....................

बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में आज एक दिवसीय रोज़गार सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में विभिन्न ट्रेडो ने प्रशिक्षित युवाओं को चयन के लिए आमंत्रित किया गया है। सरहदी क्षेत्र में रोजगार बढाने और निजी कंपनियों में भी नियोजन के लिए मेले का आयोजन हो रहा है।

....................

राज्य विधानसभा में विपक्ष की ओर से गतिरोध बना हुआ है। कल भी भारी हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थागित की गई। कांग्रेस के 6 विधायकों का निलंबन करने के मामले में पार्टी विधायक लगातार दबाव बना रहे है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गतिरोध दूर करने के प्रयास बढ़ा दिये है। लेकिन कार्यवाही में सदस्यों द्वारा प्रयुक्त कुछ शब्दों को वापस नही लिये जाने से गतिरोध बना हुआ है।

....................

प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली की समुचित आपूर्ति के लिए सरकार ने अभी से प्रयास तेज कर दिये है। इस संबंध में कल जयपुर के विधुत भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधीक्षण अभियंताओं को सर्किलवार तैयारियां पूरी रखने और ग्रिड स्टेशनों में उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर तथा अन्य लाइन मैटेरियल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कुसुम योजना तथा आरडीएसएस योजना की प्रगति की जानकारी ली और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

....................

कल महाशिवरात्रि है। इस अवसर पर मंदिरो और शिवालयों में कई धार्मिक आयोजन शुरू हो गये है। राजधानी जयपुर में महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव से मनाया जाएगा। शहर के कई शिवालयों में प्रयागराज के कुंभ जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर में पहली बार शिवोहम् कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहर के प्रसिद्ध झारखण्ड महादेव, और ताडकेश्वर महादेव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए ज़िला प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है। भरतपुर में मंदिरों को आकर्षक ढ़ग से सजाया जा रहा है। शिवपुराण के आयोजन के साथ ही कई धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

....................

सवाईमाधोपुर के घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में मेला आज से मेला भर रहा है। भीलवाड़ा जिले में श्रृद्वालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। ज़िले के हरणी महादेव और बिजोलिया क्षेत्र में स्थित तिलस्वा महादेव मंदिर में मेले भरेगें।

.....................

और खबरे अब महाकुंभ से–

प्रयागराजमें ऐतिहासिक महाकुंभ का आधिकारिक समापन कल महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा। कल अंतिम शाही स्नान को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाये रखने के कडे इन्तजाम किये गये है। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के समापन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की गयी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई पहल की गई हैं। इधर महाकुंभ समाप्त होने पर घरों को वापस लौटने वालों के लिए रेलवे ने इन्तजाम और बढ़ा दिये है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भी श्रृद्धालुओं की सुविधाजनक यात्रा की तैयारियों पर निगरानी कर रहे हैं।

.....................